# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 12/2024

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा हेतु सभी सामग्री जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में समिति द्वारा आपूर्ति किये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के सभी विद्यालय प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के **इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 18.01.2024 से 20.01.2024 तक विद्यालयों में आयोजित होगी।**

2. इस परीक्षा के अंतर्गत प्रायोगिक विषयों की परीक्षा हेतु डाटायुक्त (Variable) सामग्री यथा–08 पृष्ठीय उत्तरपुस्तिका, उपस्थिति पत्रक, अनुपस्थिति पत्रक, प्रश्न पत्र, ओ0एम0आर0 आधारित स्टैण्डर्ड मार्क्सफवायल, सामाजिक विज्ञान विषय के लिट्रेसी एक्टिविटी एवं प्रोजेक्ट वर्क तथा विज्ञान विषय के इंटरनल एसेसमेंट के लिए अलग–अलग ओ0एम0आर0 आधारित स्टैण्डर्ड मार्क्सफवायल एवं किसी छात्र/छात्रा के उक्त डाटायुक्त (Variable) सामग्री अनुपलब्ध रहने, उसमें मुद्रण दोष अथवा त्रुटि/विसंगति पाये जाने पर आकस्मिकता की स्थिति में उपयोग हेतु डाटारहित (Non Variable) सामग्री यथा–08 पृष्ठीय उत्तरपुस्तिका, उपस्थिति पत्रक, अनुपस्थिति पत्रक सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में आपूर्ति की गई है, जिसे विद्यालय प्रधान आवश्यकतानुसार प्राप्त करेंगे।

3. उक्त परीक्षा के निर्धारित कार्यक्रमानुसार संचालन कराने, सामग्रियों के उपयोग करने तथा संचालन के उपरांत व्यवहृत परीक्षा संबंधित सामग्रियों की पैकिंग हेतु विस्तृत निदेश के साथ निर्गत पत्र, विभिन्न आकार एवं रंग के लिफाफा, कॉरूगेटेड बॉक्स, पॉली बैग आदि भी विद्यालयवार पैकिंग कर समिति के विशेष दूत के माध्यम से भेजा जा रहा है, जो जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में **दिनांक 12.01.2024** से वितरण हेतु उपलब्ध रहेगा।

4. सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रधान से अनुरोध है कि अपने जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से स्वयं अथवा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपरोक्त सभी सामग्रियों को **दिनांक 13.01.2024 तक** अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लेंगे तथा प्राप्त सभी सामग्रियों की जांच कर आश्वस्त हो लेंगे कि उनके विद्यालयों के सभी छात्र/छात्राओं की सामग्री सही–सही प्राप्त है एवं इसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि/विसंगति अथवा कोई सामग्री अनुपलब्ध नहीं है। यह भी अनुरोध है कि इन सामग्रियों को सुरक्षित संधारित कर लेंगे तथा इसकी गोपनीयता बनाये रखेंगे। किसी भी परिस्थिति में यह सामग्री क्षतिग्रस्त न हो, इसके लिए भी अनिवार्य रूप से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा के संचालन के क्रम में इसका अनिवार्य रूप से उपयोग करेंगे।

5. आपूर्ति की गई सामग्री में से कोई सामग्री अप्राप्त, त्रुटिपूर्ण हो अथवा परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर इसकी सूचना अविलंब परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक) के **मोबाईल नंबर–9431057268,** उप परीक्षा नियंत्रक (मा0) के **मोबाईल नंबर–7979815223,** अपर सचिव, भंडार के **मोबाईल नंबर–9431632392** तथा प्रशाखा पदाधिकारी (केन्द्रीय, मा०) के **मोबाईल नंबर–9661704660** पर सूचित कर समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

6. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि वर्णित आलोक में अपने जिलान्तर्गत अधीनस्थ सभी विद्यालय के प्रधान को **निर्धारित अवधि (दिनांक 12.01.2024)** तक आपके कार्यालय में आपूरित सभी सामग्रियों के वितरण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। यह भी अनुरोध है कि विद्यालय प्रधान द्वारा प्राप्त की गयी सामग्री सही है, इसे जांच कर आश्वस्त हो लेने तथा कार्यक्रमानुसार परीक्षा के संचालन कराकर परीक्षा संबंधी सामग्रियों के उपयोग करने एवं परीक्षा संपन्न होने के उपरांत व्यवहृत सभी सामग्रियों को विधिवत् पैकिंग कर **दिनांक 25.01.2024 तक** अपने कार्यालय में जमा करने हेतु सभी विद्यालय प्रधान को स्पष्ट निदेश देंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**

Scanned with CamScanner